# विधायक मद से वार्ड क्र. 18 व 29 में बनेंगे सामुदायिक भवन

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया दोनों सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन)




कोरबा 11 जुलाई 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 18 व 29 में सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त दोनों सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विधायक मद से वार्ड क्र. 18 बालको रोड ढेगुरनाला गवेल समाज भवन के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार विधायकनिधि से ही वार्ड क्र. 29 बरेठ समाज के सामुदायिक भवन पोड़ीबहार के पास 10 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक मंच व सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं। आज उक्त दोनों वार्डो में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया तथा शिलान्यास पट्टिका अनावरण कर निर्माण कार्यो का शुभारंभ कराया। इस मौके पर निगम के महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस मौके पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा में समय–समय पर सभी समाजों के लिए भवनों का निर्माण कराया गया है, आज दो और सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया, इन भवनों के बन जाने से सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सर्वसुविधायुक्त स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होने उपस्थित नागरिकों को सामुदायिक भवनों की उपलब्धता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, प्रदीपराय जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, पूर्व पार्षद मुकेश

राठौर, देवीदयाल सोनी, मनकराम साहू, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रेमलता मिश्रा, सीमा उपाध्याय, आर.के.वर्मा, हजारी लाल गवेल, मनीराम गवेल, शिवप्रसाद वर्मा, हेमंत गवेल, देवेन्द्र गवेल, श्रीमती एग्रिस गवेल, श्रीमती मालती गवेल, श्रीमती मीना गवेल, संतोष कर्ष, मोहनलाल कर्ष, जनाराम कर्ष, संजय बरेठ, महेन्द्र निर्मलकर, समारूराम बरेठ, मिलापराम बरेठ, निगम के कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता तपन तिवारी, एन.के.नाथ, हरिशंकर साहू, अरूण बघेल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।